कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल

E.S.I.C. Model Hospital

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

Ministry of Labour & Employment, Government of India)

लक्ष्मी नगर, अजमेर रोड, जयपुर - 302006

दूरभाष सं. - 0141-2228040 ई-मेल - ms-jaipur.rj@esic.gov.in

एसिक पखवाड़ा – 2024 के दौरान
इस अस्पताल में प्रतिदिन आयोजित की जा रही विविध गतिविधियों की रिपोर्ट

क्र.सं.	आयोजन तिथि	विभाग का नाम	गतिविधि - विवरण
1.	12.02.2024	आपातकालीनविभाग	आपातकालीन विभाग द्वारा प्रातः 11.00 बजे राज्य आपदा प्रतिसाद बल के सहयोग से 'आपदा प्रबंधन (आपातकालीन निकास)' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में SDRF टीम द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं और चिकित्सा आपातकाल की घटनाओं से निपटने के लिये विभिन्न प्रदर्शन के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीमितों एवं उनके परिजनों, आम जनता तथा चिकित्सालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भूकंप के दौरान आपातकालीन निकास एवं बचाव, बाढ़ की स्थिति में बचाव, डूबते हुए व्यक्ति को बचना, आग लगने पर बुझाने के तरीके, गैस सिलिन्डर में आग की स्थिति में बचाव, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स्थानांतरित करने के तरीके आदि के बारे में प्रदर्शन के माध्यम से समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा चिकित्सालय स्टाफ, बीमितों एवं उनके परिजनों में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु आत्मविश्वास एवं साहस का संचार हुआ है।
2.	12.02.2024	शल्य रोग विभाग	शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा 'पेट दर्द' विषय पर एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50-60 मरीजों ने भाग लिया।
3.	12.02.2024	प्रसूती एवं स्त्री रोग विभाग	गर्भाशय – कैंसर मासिक धर्म स्वास्थ्य तथा प्रसव पूर्व पोषण पर एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया।
4.	12.02.2024	नेत्र रोग विभाग	नेत्र रोग विभाग द्वारा मधुमेह रेटिनोपैथी (दृष्टि पटल विकृति) विषय पर एक जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 61 मरीजों की जाँच की गयी जिसमें से 06 मरीजों का मधुमेह रेटिनोपैथी (दृष्टि पटल विकृति) का निदान किया गया । इस प्रकार के शिविर नेत्र जटिलताओं का शीघ्र पता लगाने में सहायक होतें हैं। मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी परिवर्तनों के साथ पहचाने गए रोगियों में से 1 रोगी को एंटी-वीईजीएफ (वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) इंजेक्शन के इंट्रा-विट्रियल इंजेक्शन के रूप में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। इस हस्तक्षेप का उद्देश्य मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी की प्रगति को रोकना और दृष्टि हानि को रोकना है। स्क्रीनिंग शिविर ने मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी का शीघ्र पता लगाने और हस्तक्षेप के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया, जिससे सभी को मधुमेह रोगियों के समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में योगदान मिला। इस तरह की पहल मधुमेह से जुड़े रोकथाम योग्य अंधेपन के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

राजस्थान पुलिस
अपदा बचाव प्रदर्शन
Ph. 0141 - 2759903

राजस्थान पुलिस
0141 - 2759903
Galaxy S23

Galaxy S23